माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller @msuniversity.ac.in

पत्राक : 275/परीक्षा/एम0एस0यू0/2026–27 दिनांक : 23.11.2026

अधिसूचना

समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्र 197/परीक्षा/एम0एस0यू0/2026–27, दिनांक 06.11.2026 एवं 220/परीक्षा/एम0एस0यू0/2026–27, दिनांक 18.11.2026 द्वारा सत्र 2026–27 में स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों के **प्रथम सेमेस्टर की मुख्य/बैक परीक्षा** के परीक्षा फार्म भरने हेतु कार्यक्रम जारी किया गया था, जिसमें परीक्षा फार्म भरने की विस्तारित तिथि 23.11.2026 निर्धारित थी, उपरोक्त के सम्बन्ध में परीक्षा फार्म भरने की तिथि निम्नानुसार विस्तारित की गई हैं :–

क्र0सं0	**समर्थ पोर्टल https://msuniversity.samarth.edu.in पर ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने हेतु विवरण (स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर (मुख्य/बैक) हेतु) (केवल सत्र 2025–26 व 2026–27 में प्रवेशित छात्रों के प्रथम सेमेस्टर हेतु)**	**निर्धारित तिथि**
1	छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म की ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि–	06.11.2026
2	छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म की ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि–	26.11.2026
3	छात्रों द्वारा परीक्षा फॉर्म महाविद्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि	27.11.2026
5	महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा नॉमिनल रोल (NR) सहित परीक्षा फार्म (NR के क्रमानुसार) विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि–	28.11.2026

नोट :– **1. सत्र 2025–26 में स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों के प्रथम सेमेस्टर के बैक परीक्षा फॉर्म भरने तथा सत्र 2026–27 में प्रवेशित छात्रों के प्रथम सेमेस्टर के मुख्य परीक्षा फॉर्म की पूरी प्रक्रिया समर्थ पोर्टल पर विश्वविद्यालय द्वारा जारी नामांकन संख्या** (Enrolment Number) **के माध्यम से की जानी है। अतः छात्र समर्थ पोर्टल पर विश्वविद्यालय द्वारा अपने पंजीकृत ई–मेल/मोबाइल नम्बर पर प्रेषित नामांकन संख्या** (Enrolment Number) **का प्रयोग कर परीक्षा फॉर्म हेतु समर्थ पोर्टल के लिंक https://msuniversity.samarth.edu.in लॉग ईन कर सकते हैं।**

छात्र फार्म भरने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को अनिवार्य रूप से पढें।

01 सर्वप्रथम विद्यार्थी **https://msuniversity.samarth.edu.in** लिंक Open करें।

02 स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी समर्थ पोर्टल/विश्वविद्यालय के माध्यम से जारी अपने Enrollment Number एवं Password से उपरोक्त लिंक पर लॉगिन कर सकता है। प्रोग्राम लिस्ट में प्रोग्राम कोड 201 से 509 तक के प्रोग्राम समस्त सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए हैं तथा प्रोग्राम कोड 726 से 824 तक के प्रोग्राम विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों के लिए हैं।

03 परीक्षा फॉर्म भरने के लिए विद्यार्थी को समर्थ ई0आर0पी0 के स्टूडेंट पोर्टल (https://msuniversity.samarth.edu.in) पर लॉगिन करने के उपरान्त Examination पर click करना होगा ।

04 Examination Section में दिए गए Registration link पर click करना होगा।

05 Examination-Registration में दिए "*CLICK HERE FOR EXAMINATION FORM*" लिंक पर click करना होगा ।

06 जिसके उपरान्त परीक्षा फॉर्म open होगा। परीक्षा फॉर्म में दिए गए PwD विकल्प को भरकर कर submit पर click करना होगा। submit पर click करने से पूर्व विद्यार्थी अपने पेपर को ध्यानपूर्वक देख लें क्योंकि परीक्षा फॉर्म भरने के उपरान्त पेपर में किसी भी प्रकार का सुधार/update सम्भव नहीं होगा।

07 Course Submit करने के उपरान्त विद्यार्थी को Click here for payment पर क्लिक कर परीक्षा शुल्क online जमा करना होगा। online परीक्षा शुल्क जमा होने के उपरान्त विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म प्रिन्ट कर सकते हैं।

<u>महाविद्यालय द्वारा समर्थ पोर्टल पर परीक्षा फॉर्म को सत्यापित (verify) करने की प्रक्रिया</u>

01 महाविद्यालय को समर्थ पोर्टल (https://msuniversity.samarth.ac.in) पर अपने Principal User Id एवं पासवर्ड से लॉगिन करना होगा।

02 लॉगिन करने के उपरान्त Dashboard पर उपलब्ध Programmes में Proceed पर क्लिक करना होगा।

03 Proceed करने के उपरान्त Examination Section में Launch पर क्लिक करना होगा।

04 Examination Section में "*2026-2027-December-DEC2026:REGULAR*" पर क्लिक करना होगा।

05 "*2026-2027-December-DEC2026:REGULAR*" में उपलब्ध Student के Launch पर क्लिक करना होगा।

06 Student Section में Programme Wise के Launch पर क्लिक करना होगा।

07 सम्बद्ध महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की लिस्ट में पाठ्यक्रमवार Course Verification पर क्लिक करना होगा ।

08 परीक्षा फॉर्म भरे गए विद्यार्थियों की लिस्ट में प्रत्येक विद्यार्थी को एक एक करके अथवा Verify All पर (✔) करके Submit पर क्लिक करने से समस्त विद्यार्थियों को एक बार में Verify किया जा सकता है।

नोट– 1. कृपया यह भी सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी का कोई परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया गया जायेगा।

2. परीक्षार्थी के परीक्षा फार्म के साथ समस्त सत्यापित अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

23/11/2026

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालय को अपने स्तर से छात्रों को अवगत कराने हेतु प्रेषित।
02. शैक्षणिक समन्वयक, विश्वविद्यालय परिसर।
03. कुलसचिव।
04. वित्त अधिकारी।
05. उपकुलसचिव।
06. सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय/प्रशा0/भण्डार)।
07. अधिकृत एजेन्सी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
08. श्री घनेन्द्र गहलौत, प्रोगामर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. प्रभारी वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
10. विश्वविद्यालय सूचना पट।
11. समस्त सम्पादक, समस्त समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त अधिसूचना को अपने समाचार पत्र में छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव
(परीक्षा)